**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *81**
**सोमवार, 29 जुलाई, 2024 / 7 श्रावण, 1946 (शक)**

# देश में बेरोजगारी

***81. श्री कल्याण बनर्जी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार विश्व बैंक की रिपोर्ट से अवगत है, जिसमें भविष्यवाणी की गई है कि देश में 2030 तक लगभग 69 प्रतिशत लोग बेरोजगार हो जाएंगे;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 18-25, 25-40, 40-55 आयु वर्ग में वर्तमान बेरोजगारी दर का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) 2019-24 की अवधि के पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार और क्षेत्र-वार सृजित नए रोजगारों की संख्या कितनी है; और

(ड.) 2025 तक बेरोजगारी दर को मौजूदा 8.7 प्रतिशत के मुकाबले 3 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए देश में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।
***

*****

**"देश में बेरोजगारी" के संबंध में श्री कल्याण बनर्जी द्वारा दिनांक 29.07.2024 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 81 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ङ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से किए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के लिए सामान्य स्थिति पर बेरोजगारी दर (यूआर) में कमी की प्रवृत्ति रही है, जो इस प्रकार है:

| बेरोजगारी दर (% में) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 15-29 वर्ष | | | 15-59 वर्ष | | | 15 वर्ष और उससे अधिक | | |
| | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल |
| 2018-19 | 16 | 20.2 | 17.3 | 5.4 | 8 | 6.2 | 5 | 7.6 | 5.8 |
| 2019-20 | 12.9 | 19.9 | 15 | 4.3 | 7.4 | 5.2 | 3.9 | 6.9 | 4.8 |
| 2020-21 | 10.7 | 18.5 | 12.9 | 3.6 | 7.1 | 4.6 | 3.3 | 6.7 | 4.2 |
| 2021-22 | 10.6 | 17.2 | 12.4 | 3.6 | 6.6 | 4.4 | 3.2 | 6.3 | 4.1 |
| 2022-23 | 8 | 15.7 | 10 | 2.7 | 5.7 | 3.4 | 2.4 | 5.4 | 3.2 |

*स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई*

उपरोक्त तालिका के आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में सभी आयु वर्गों और क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में गिरावट आई है और वर्ष 2022-23 में 15 वर्ष और उससे अधिक के लिए यह 3.2% थी। वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के लिए सामान्य स्थिति पर राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) अनुबंध-I में दी गई है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जो 2018-19 से 2022-23 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति पर रोजगार का संकेत देता है, में वृद्धि की प्रवृत्ति है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

| कामगार जनसंख्या अनुपात (% में) | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | ग्रामीण | शहरी | कुल |
| 2018-19 | 48.9 | 43.9 | 47.3 |
| 2019-20 | 53.3 | 45.8 | 50.9 |
| 2020-21 | 55.5 | 45.8 | 52.6 |
| 2021-22 | 55.6 | 46.6 | 52.9 |
| 2022-23 | 59.4 | 47.7 | 56.0 |

*स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई*

*जारी…3/-*

वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति पर रोजगार का संकेत देने वाला राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) अनुबंध-II में दिया गया है।

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्रकाशित केएलईएमएस (के: पूंजी, एल: श्रम, ई: ऊर्जा, एम: सामग्री और एस: सेवाएं) डेटाबेस अखिल भारतीय स्तर पर रोजगार अनुमान प्रदान करता है। डेटाबेस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए अनंतिम अनुमान, देश में रोजगार वर्ष 2018-19 में 49.26 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023-24 में बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। वर्ष 2018-19 से 2023-24 के दौरान रोजगार में कुल वृद्धि लगभग 15.07 करोड़ है। आरबीआई द्वारा वर्ष 2022-23 तक क्षेत्रवार सृजित रोजगार का विवरण जारी किया जाता है। वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान सेवा क्षेत्र, सन्निर्माण, विनिर्माण क्षेत्र तथा कृषि, शिकार, वानिकी और मत्स्य पालन में क्रमशः 2.93 करोड़, 1.63 करोड़, 0.79 करोड़ और 5.02 करोड़ नये रोजगार सृजित हुए।

रोजगार सृजन के साथ-साथ रोजगार क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय/ विभाग जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय आदि रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत व्यय में वृद्धि सहित प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), आदि विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/ कार्यक्रमों का विवरण https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा, सरकार ने बजट 2024-25 में 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और उपायों के प्रधान मंत्री पैकेज की घोषणा की।

*****

अनुबंध-I

**दिनांक 29.07.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *81 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 15-29 वर्ष | 15-59 वर्ष | 15 वर्ष और उससे |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 15.7 | 4.4 | 4.1 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 17.6 | 5.1 | 4.8 |
| 3 | असम | 4.3 | 1.7 | 1.7 |
| 4 | बिहार | 13.9 | 4.3 | 3.9 |
| 5 | छत्तीसगढ | 7.1 | 2.7 | 2.4 |
| 6 | दिल्ली | 6.1 | 2.0 | 1.9 |
| 7 | गोवा | 27.4 | 10.0 | 9.7 |
| 8 | गुजरात | 5.1 | 1.8 | 1.7 |
| 9 | हरियाणा | 17.5 | 6.4 | 6.1 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 12.5 | 5.0 | 4.3 |
| 11 | झारखंड | 4.7 | 1.8 | 1.7 |
| 12 | कर्नाटक | 8.5 | 2.6 | 2.4 |
| 13 | केरल | 28.7 | 8.4 | 7.0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4.4 | 1.7 | 1.6 |
| 15 | महाराष्ट्र | 10.9 | 3.4 | 3.1 |
| 16 | मणिपुर | 19.7 | 5.0 | 4.7 |
| 17 | मेघालय | 18.0 | 6.2 | 6.0 |
| 18 | मिजोरम | 11.9 | 2.3 | 2.2 |
| 19 | नागालैंड | 18.5 | 4.6 | 4.3 |
| 20 | ओडिशा | 13.8 | 4.3 | 3.9 |
| 21 | पंजाब | 17.5 | 6.7 | 6.1 |
| 22 | राजस्थान | 12.5 | 4.9 | 4.4 |
| 23 | सिक्किम | 10.2 | 2.4 | 2.2 |
| 24 | तमिलनाडु | 17.5 | 4.8 | 4.3 |
| 25 | तेलंगाना | 15.1 | 4.6 | 4.4 |
| 26 | त्रिपुरा | 6.1 | 1.5 | 1.4 |
| 27 | उत्तराखंड | 14.2 | 4.9 | 4.5 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 7.0 | 2.6 | 2.4 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 7.1 | 2.3 | 2.2 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 24.6 | 10.3 | 9.7 |
| 31 | चंडीगढ़ | 7.2 | 4.1 | 4.0 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली | 4.4 | 2.6 | 2.5 |
| 33 | दमन और दीव | | | |
| 34 | जम्मू एवं कश्मीर | 13.7 | 4.8 | 4.4 |
| 35 | लद्दाख | 28.1 | 6.7 | 6.1 |
| 36 | लक्षद्वीप | 41.6 | 11.6 | 11.1 |
| 37 | पुडुचेरी | 23.2 | 6.1 | 5.6 |
| **अखिल भारत** | | 10.0 | 3.4 | 3.2 |

*स्रोत: पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट, एमओएसपीआई*

अनुबंध-II

**दिनांक 29.07.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *81 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति पर राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) (% में)।**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 54.8 | 55.5 | 58.6 | 57.8 | 58.6 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 40.9 | 44.3 | 48.5 | 47.1 | 64.9 |
| 3 | असम | 43.4 | 43.2 | 50.5 | 52.1 | 54.5 |
| 4 | बिहार | 36.4 | 39.7 | 39.9 | 39.3 | 47.0 |
| 5 | छत्तीसगढ | 61.2 | 65.4 | 63.6 | 64.9 | 70.1 |
| 6 | दिल्ली | 44.5 | 43.3 | 42.7 | 42.3 | 45.8 |
| 7 | गोवा | 45.9 | 47.3 | 43.4 | 41.6 | 45.1 |
| 8 | गुजरात | 49.7 | 54.7 | 55.0 | 56.8 | 61.5 |
| 9 | हरियाणा | 41.9 | 42.9 | 44.0 | 42.5 | 44.9 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 63.9 | 70.5 | 69.5 | 71.2 | 73.8 |
| 11 | झारखंड | 44.9 | 53.6 | 59.6 | 60.7 | 60.9 |
| 12 | कर्नाटक | 49.3 | 53.1 | 55.3 | 53.0 | 55.6 |
| 13 | केरल | 44.9 | 45.3 | 46.1 | 48.8 | 50.5 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 52.3 | 57.7 | 60.2 | 60.7 | 63.4 |
| 15 | महाराष्ट्र | 50.6 | 55.7 | 53.9 | 55.9 | 57.6 |
| 16 | मणिपुर | 44.3 | 45.5 | 41.0 | 40.6 | 48.7 |
| 17 | मेघालय | 61.8 | 58.6 | 62.0 | 60.5 | 65.8 |
| 18 | मिजोरम | 45.6 | 50.7 | 54.5 | 48.9 | 55.2 |
| 19 | नागालैंड | 38.1 | 44.8 | 49.5 | 58.4 | 69.4 |
| 20 | ओडिशा | 47.6 | 51.9 | 53.5 | 52.4 | 58.9 |
| 21 | पंजाब | 44.2 | 47.8 | 47.2 | 48.5 | 50.2 |
| 22 | राजस्थान | 50.0 | 55.0 | 55.3 | 54.7 | 58.8 |
| 23 | सिक्किम | 61.1 | 68.8 | 71.3 | 69.9 | 74.0 |
| 24 | तमिलनाडु | 51.4 | 55.3 | 56.9 | 55.8 | 54.7 |
| 25 | तेलंगाना | 50.6 | 55.7 | 57.8 | 58.1 | 57.7 |
| 26 | त्रिपुरा | 41.9 | 49.6 | 53.8 | 50.6 | 54.3 |
| 27 | उत्तराखंड | 41.4 | 49.5 | 48.7 | 48.7 | 53.5 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 40.8 | 45.1 | 48.0 | 50.1 | 53.9 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 49.7 | 49.7 | 53.0 | 52.7 | 56.1 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 49.1 | 49.8 | 58.2 | 59.2 | 60.0 |
| 31 | चंडीगढ़ | 47.3 | 45.5 | 43.1 | 42.2 | 45.6 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली | 68.6 | 72.2 | 54.0 | 65.8 | 65.0 |
| 33 | दमन और दीव | 55.1 | 64.5 | | | |
| 34 | जम्मू एवं कश्मीर | 52.9 | 52.5 | 55.5 | 58.3 | 60.7 |
| 35 | लद्दाख | - | 62.7 | 69.1 | 58.1 | 57.0 |
| 36 | लक्षद्वीप | 29.5 | 48.0 | 40.1 | 37.2 | 35.5 |
| 37 | पुडुचेरी | 47.8 | 47.7 | 48.1 | 51.2 | 49.6 |
| | **अखिल भारत** | **47.3** | **50.9** | **52.6** | **52.9** | **56.0** |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई